### एक नजर में

#### 89वीं शंकर व्याख्यान माला आज

**भोपाल.** उपनिषदों में निहित अद्वैत सिद्धान्त को साधारण जनमानस तक पहुंचाने वाले आचार्य शंकर की परंपरा को अक्षुण्ण रखने के लिए आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा पिछले 6 वर्षों से प्रतिमाह निरंतर शंकर व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाता है. मार्च माह में न्यास द्वारा आज 89 वीं व्याख्यानमाला का आयोजन मंगलवार प्रात: 9 बजे से ऑनलाइन किया जाएगा, जिसमें अद्वैताश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद पुरी अध्यारोप- अपवाद विषय पर व्याख्यान देंगे, जिसे श्रोता एकात्म धाम के यूट्यूब लाइव से ऑनलाइन जुड़कर व्याख्यान को सुन सकते हैं.


#### राज्यमंत्री पटेल ने गौशाला का किया निरीक्षण

**भोपाल।** पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने गायत्री शक्तिपीठ भोपाल परिसर में गौशाला का निरीक्षण किया. उन्होंने गौमाता की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देश की खुशहाली एवं समृद्धि की प्रार्थना की. मंत्री पटेल ने गौशाला के संचालन, पशुपालन व्यवस्था एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं-विशेष रूप से नस्ल सुधार एवं अपग्रेडेशन-पर विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने गौ उत्पादों के संवर्धन एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए भी संचालकों को प्रेरित किया. हरिद्वार से आए जगदीश चंद्र कुलमी ने मंत्री का स्वागत किया.

# एमपी नगर इलाके में युवतियों का हाई वोल्टेज ड्रामा

**फैक्ट फाइल**

- नशे में धुत होकर मारपीट का आरोप
- क्लब के बाहर का हाथापाई का कथित वीडियो वायरल



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 मार्च. एमपी नगर इलाके में सड़क पर रात के समय चार युवतियों का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला. एक क्लब के बाहर युवतियों की आपस में जमकर हाथापाई हो गई.**

इस घटना के कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. हालांकि इस घटना की शिकायत थाने में अब तक दर्ज नहीं कराई गई है.

जानकारी के मुताबिक रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को क्लब में शराब पार्टी चल रही थी. आरोप है कि इसमें शामिल हुई चारों युवतियां जब रात करीब 2:30 बजे क्लब के बाहर निकली, तो बीच सड़क पर हंगामा करते हुए एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगीं. लड़ाई को रुकवाने के लिए कुछ युवक उनके बीच में भी आए. बताया जा रहा है कि युवतियों की आपसी मारपीट में एक युवती को गंभीर चोटें आई है. घायल युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नशे में धुत युवतियों के बीच हुआ यह झगड़ा इतना बढ़ गया कि सभी ने आपस में लात-घूंसे चलाए. युवतियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई इसकी भी जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है.

एमपी नगर इलाके के जोन-1 और जोन-2 में लगभग तीस से अधिक क्लब वर्तमान में संचालित हैं. इन क्लबों का समय 11.30 तक निर्धारित है. इसके बावजूद शासन के नियमों का उल्लघंन कर क्लबों को देर रात तक चलाया जा रहा है. इस घटना पर एसीपी मनीष भारद्वाज ने कहा कि संबंधित क्लब के मैनेजर को थाने बुलाया गया है. पुलिस पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है. इस मामले में एमपी नगर थाने में किसी ने भी शिकायत दर्ज नहीं कराई है.

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, पुलिस ने किया केस दर्ज

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 30 मार्च. पिपलानी पुलिस थाने में एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है. पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक 28 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी अभिषेक कुशवाहा ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाकर तीन साल तक उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में शादी करने से इंकार कर दिया. आरोपी एक कंपनी में सामान की डिलीवरी करने का काम करता है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब तीन साल पहले युवती की आरोपी से मुलाकात तब हुई थी, जब उसने ऑनलाइन सामान मंगवाया था. इस दौरान दोनों की बातचीत फोन पर शुरू हो गई और मामला प्रेम प्रसंग तक पहुंचा. युवती का आरोप है कि अभिषेक ने उसे मिलने के लिए होटल में बुलाया था, जहां उसने उसको झांसे में लेकर शारीरिक संबंध बनाए. आरोपी लगातार पीड़िता के साथ उसका शारीरिक शोषण करता आ रहा है. पीड़िता ने जब उस पर शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी अपनी बात से मुकर गया और युवती से बातचीत भी बंद कर दी. परेशान होकर युवती ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है.

# बिजली दर वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल. जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर ने सोमवार को प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में रोशनपुरा चौराहे पर बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस की कमी, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और 1 अप्रैल से लागू बिजली दर वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन किया.**




प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाकर प्रतीकात्मक रूप से सरकार को जगाने का प्रयास किया और आम जनता की समस्याओं को उजागर किया. महंगाई के प्रभाव को दर्शाने के लिए कट-आउट के माध्यम से एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिससे लोगों का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित किया गया. कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर महंगाई पर नियंत्रण और बढ़ी हुई बिजली दरों को वापस लेने की मांग की. इस दौरान अरुण श्रीवास्तव सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे. प्रदर्शन का उद्देश्य बढ़ती महंगाई और सरकारी नीतियों के प्रभाव को लेकर आमजन को जागरूक करना रहा.

# 15 तक घोषित हो सकते हैं 10वीं-12वीं के रिजल्ट

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 30 मार्च. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है, जिसके बाद उम्मीद जताई जा रही है कि बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट जल्द ही घोषित किए जा सकते हैं.**

बता दें इस बार सत्र में फेल होने वाले बच्चों के लिए पुन: परीक्षा कार्यक्रम 7 मई से 27 मई के बीच निर्धारित किया गया है. वहीं माध्यमिक शिक्षा मंडल अप्रैल महीने के पहले या दूसरे हफ्ते में रिजल्ट जारी करने की तैयारी में लगा हुआ है.




### समय रहते हो सकेगा कॉलेजों में दाखिला

सप्लीमेंट्री परीक्षा देने में ही कई छात्रों का समय निकल जाता है. ऐसे में 12 वीं के बाद नए सत्र में दाखिला लेने में छात्रों की परेशानी होती है. जिसको ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने इस बार अप्रैल माह में ही परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया है. साथ ही मई में सप्लीमेंट्री परीक्षा कराकर जल्द से जल्द इसका भी परिणाम घोषित करने की तैयारी की है. जिससे छात्रों को दाखिला लेने में किसी भी तरह को असुविधा न हो.

### पांच सालों में सबसे पहले रिजल्ट होगा घोषित

पिछले पांच सालों की बात करें तो इस बार बोर्ड अप्रैल के पहले हफ्ते में रिजल्ट घोषित करने की तैयारी में है. बता दें साल 2025 में 6 मई, साल 2024 में 24 अप्रैल, साल 2023 में 25 मई, साल 2022 में 29 अप्रैल और साल 2021 में 14 जुलाई को परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे. ऐसे में अगर अप्रैल के पहले या दूसरे हफ्ते में रिजल्ट घोषित होता है तो यह पिछले पांच सालों में सबसे पहले रिजल्ट घोषित होने वाला साल बन जाएगा.

> छात्रों का समय महत्वपूर्ण है, उन्हें आगे की कक्षाओं में प्रवेश समय रहते मिल जाए. साथ ही सप्लीमेंट्री देने वाले विद्यार्थी भी प्रवेश सत्र में समय से कॉलेजों में दाखिल ले सकें. इन बातों को ध्यान में रखते हुए मंडल जल्द से जल्द परिणाम घोषित करने की तैयारी में है.
>
> **-भूपेश गुप्ता, सीएस, माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल**

# दुकानों में घुसा ट्रक, चालक अरेस्ट

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 मार्च. गौतम नगर थाना क्षेत्र में गणेश मंदिर के पास हादसा हो गया. हादसे के दौरान एक ट्रक सड़क किनारे बनीं दुकानों में घुस गया. रात के समय हादसा होने से कोई जनहानि नहीं हुई है.**

हालांकि दुकानों के अंदर रखे सामान ट्रक की चपेट में आ जाने से खराब हो गए हैं. मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया.

जानकारी के मुताबिक गणेश मंदिर के पास सड़क के किनारे दुकानें संचालित होती हैं. रविवार को देर रात एक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे की दुकानों में ट्रक घुसा दिया. सूचना मिलते ही गौतम नगर पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया और ट्रक को भी जब्त कर लिया गया.

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि चालक अत्यधिक शराब के नशे में वाहन चला रहा था, जो हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है. घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

# मेट्रो परियोजना में भूमिगत सुरंग निर्माण शुरू

## टीबीएम 'दुर्गावती' ने शुरू की खुदाई

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 मार्च. मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्माणाधीन भोपाल मेट्रो परियोजना में सोमवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई.**

परियोजना के अंतर्गत भूमिगत सुरंग निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ एमपीएमआरसीएल, कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड एवं जनरल कंसलटेंट के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया.

इस अवसर पर टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) 'दुर्गावती' को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया, जिसके साथ ही सुरंग खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक प्रारंभ हो




गया है. प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने इस उपलब्धि पर परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि परियोजना की प्रगति को बनाए रखते हुए सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं. साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे समयबद्ध और सुरक्षित रूप से परियोजना पूर्ण हो सके.

टीबीएम 'दुर्गावती' को विशेष लॉन्चिंग शॉफ्ट के माध्यम से लगभग 24 मीटर की गहराई में सफलतापूर्वक उतारा गया है, जहां से अब सुरंग निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है. 'दुर्गावती' एक अत्याधुनिक टनल बोरिंग मशीन है, जिसे विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में सुरक्षित, तेज़ एवं सटीक खुदाई के लिए डिज़ाइन किया गया है. इसके उपयोग से निर्माण कार्य में गति आएगी.



# दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 मार्च. गुनगा थाना पुलिस ने एमपी ऑनलाइन दुकान में चोरी की घटना का खुलासा किया है. पुलिस ने शातिर आरोपी गिरफ्तार कर लाखों का सामान बरामद किया है.**

पुलिस के मुताबिक फरियादी शुभम शर्मा (30 वर्ष) निवासी ग्राम मुड़ियाखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई. फरियादी ने बताया कि 28 मार्च की रात्रि में ग्राम दुपाड़िया स्थित उसकी एमपी ऑनलाइन दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर लिए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 93 हजार रुपये थी.

# अभियोजन अधिकारियों का 7वां बैच प्रारम्भ

**भोपाल, 30 मार्च. सीएपीटी में अभियोजन अधिकारियों का रिफ्रेशर कोर्स सोमवार को प्रारम्भ हुआ. कोर्स का 7 वां बैच शुरू होने पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई.**

> इस अवसर पर आदरणीय संचालक बी एल प्रजापति के द्वारा सभी अभियोजन अधिकारियों को न्यायिक अधिकारियों के समान ही सतत प्रशिक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को बताया. इस अवसर पर सहायक संचालक महेंद्र सिंह गौतम,ट्रेनिंग हेड एवं सहायक संचालक अभिषेक बुंदेला, राजगौरव तिवारी सहायक संचालक (अपील) एवं आशीष दुबे एडीपीओ, बिहारी बघेल एडीपीओ सहित अभियोजन संचालनालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे.



जनसम्पर्क अधिकारी एडीपीओ मनोज त्रिपाठी ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अशोक कुमार पांडेय पूर्व अध्यक्ष लोक सेवा आयोग का आगमन हुआ. उन्होंने अपने उद्बोधन में संविधान की प्रस्तावना पर उनके चिंतन को अभिव्यक्त किया. पांडे ने बताया कि प्रस्तावना को भारत के लोग अर्थात हम नागरिकों ने आत्मार्पित किया है पर, हम स्वतंत्रता के लिए तो चिंतित है. परंतु उस पर लगाए गए प्रतिबंधों के प्रति हमारी सतर्कता देखने को कम ही मिलती है. स्वयं के अधिकारों के प्रति सजगता के साथ साथ अन्य के अधिकारों का अतिक्रमण न हो इस पर उन्होंने जोर दिया. राज्य के दायित्व के साथ साथ नागरिकों का दायित्व भी महत्वपूर्ण है इस पर चिंतन को आवश्यक बताया. उन्होंने कहा कि संविधान को एक ऐसा फाउंटेन बताया जिससे सभी विधि एवं नागरिक अधिकार अभिसिंचित होते है. अभियोजन अधिकारियों के लिए चलाए जा रहे रिफ्रेशर कोर्स को मील का पत्थर बताया और अपनी शुभकामनाएं दी.

# महिला महासभा अध्यक्ष का इस्तीफा, संगठन पर उठाए सवाल

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 30 मार्च. मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रश्मि अग्रवाल ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया. प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने संगठन की कार्य प्रणाली पारदर्शिता और नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि लंबे समय से चल रही अनियमितताओं के चलते उन्होंने यह निर्णय लिया है.**

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि बीते एक वर्ष में उन्हें संगठन से जुड़ी कई अहम जानकारियां अप्रत्यक्ष रूप से मिलीं, जिनसे स्पष्ट हुआ कि नियुक्तियां नियमों के विरुद्ध की जा रही हैं. उन्होंने कहा कि नियमित बैठकें नहीं हो रही हैं और वार्षिक साधारण सभा का आयोजन भी नहीं किया गया. साथ ही पदाधिकारियों को आर्थिक गतिविधियों की जानकारी नहीं दी जा रही है. डॉ. अग्रवाल ने कहा कि नियमों के अनुसार आवश्यक विवरण तीन वर्षों तक प्रस्तुत न करने पर संस्था निष्क्रिय मानी जाती है. इन परिस्थितियों से आहत होकर उन्होंने इस्तीफा दिया है. उनके साथ करीब 50 पदाधिकारियों ने भी अपने पदों से त्याग पत्र दे दिया है. उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में संगठन पारदर्शिता और नियमों का पालन करते हुए सदस्यों के विश्वास को बनाए रखेगा.




> **दस्तावेज और चुनाव प्रक्रिया पर भी विवाद**
>
> डॉ. अग्रवाल ने जानकारी दी कि सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त तथ्यों में सामने आया है कि वर्ष 2013-14 के बाद आवश्यक अभिलेख और सदस्यता सूची संबंधित कार्यालय में जमा नहीं कराई गई. वहीं वर्ष 2022 और 2025 में हुए चुनावों की आधिकारिक जानकारी भी उपलब्ध नहीं है जिससे संगठन की वैधता पर सवाल खड़े होते हैं.

**सम्मान** नई दिल्ली में '106 वां स्कोच समिति 2026' में अवार्ड का आयोजन, पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने दी बधाई

# भोपाल पुलिस की साइबर टीम को दिल्ली में मिला अवॉर्ड




नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 मार्च. नई दिल्ली में आयोजित '106 वां स्कोच समिति 2026' में अवार्ड पाने वाली भोपाल पुलिस की साइबर टीम को पुलिस आयुक्त संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी ने सम्मानित कर इस उपलिब्ध के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है.**

बता दें कि नई दिल्ली में आयोजित '106 वां स्कोच समिति 2026' में पुलिस कमिश्नरेट भोपाल को 'प्रीवेंशन एंड डिक्टेंशन ऑफ सायबर क्राइम' परियोजना के लिए पुलिस एंड सेफ्टी श्रेणी में स्कोच अवॉर्ड मिला है. भोपाल पुलिस द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम एवं अन्वेषण में किए गए नवाचार, तकनीकी सुदृढ़ीकरण एवं परिणामोन्मुख कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया. वर्ष 2024-25 के दौरान सभी 37 थानों में साइबर हेल्प डेस्क एवं तकनीकी सेल की स्थापना, 779 पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण, 24इनटू7 साइबर पेट्रोलिंग, राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म्स का प्रभावी उपयोग एवं 'इंवेस्टिगेशन कैंप' प्लेटफॉर्म का विकास इस सफलता के प्रमुख आधार रहे.

> भोपाल पुलिस के इन प्रयासों के परिणामस्वरूप साइबर फ्रॉड शिकायतों में 33.6% की कमी दर्ज की गई तथा कुल धोखाधड़ी राशि में उल्लेखनीय गिरावट आई. वहीं फ्रीज की गई एवं पीड़ितों को लौटाई गई राशि में कई गुना वृद्धि दर्ज की गई, जो पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तकनीकी दक्षता एवं बैंक समन्वय का प्रत्यक्ष प्रमाण है.



# हत्या के बाद क्षेत्र में तनाव

**भोपाल, 30 मार्च.** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में होटल के संचालक की हत्या के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल रहा, जिस कारण पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया.